an>

Title: Need to undertake comprehensive social study to delve into the reasons leading to increasingly impatient behavior among children and take appropriate remedial measures.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): मैं सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि इस बात का व्यापक अध्ययन कराएं कि बच्चों में आपराधिक प्रवृत्ति क्यों बढ़ रही है और उसकी रोकथाम के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए जिससे इस देश के बच्चों का बचपन बेहतर तरीके से विकसित हो सके क्योंकि वर्तमान सामाजिक परिवर्तन से इस बात के पर्याप्त संकेत मिल रहे हैं कि बच्चों में सहनशीलता कम हो रही है।